# कार्यालय जिला कलक्टर एवं जिला परियोजना समन्वयक (IRGY) जालोर (राज.)

(टेलिफोन नम्बर–02973–222216 ,ई–मेल. **dm-jal-rj@nic.in**)

क्रमांकः 2714 / IRGY-Urban / **2022** / दिनांक :– 07.06.2022

## –:: विज्ञप्ति ::–

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मुख्यमंत्री बजट घोषणा वर्ष 2022–23 के अन्तर्गत लागू इन्दिरा गांधी शहरी रोजगार गारन्टी योजना (IRGY-Urban) के तहत स्वायत्त शासन विभाग, राज0 सरकार द्वारा जारी मार्गदर्शिका के बिन्दु संख्या 10 के कम में निदेशालय के पत्रांकः एस्टे/एम/एफ.10( )आरएमएस(टी)/डीएलबी/2022/3692–3724 दिनांकः 31.05.2022 एवं समय–समय पर जारी दिशा–निर्देशानुसार जालोर जिले की 03 नगर निकायों (नगरपरिषद् जालोर, नगरपालिका भीनमाल/सांचोर) में निम्नानुसार पदों के लिए कार्मिक विभाग की अधिसूचना संख्या F.17(4) DOP /A-2/2014 दिनांकः 11.01.2022) के अनुसार संविदा पर नियुक्ति हेतु आवेदन आमन्त्रित किये जाते हैं:–

### निकाय वार पदों का विवरण

| क.सं. | पद | भर्ती तरीका | मानदेय | नगरपरिषद, जालोर | नगरपालिका भीनमाल | नगरपालिका सांचोर | कुल पद |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वरिष्ठ तकनीकी सहायक | संविदा भर्ती | 40,000 | 1 | 1 | 1 | 03 |
| 2 | कनिष्ठ तकनीकी सहायक | संविदा भर्ती | 30,000 | 3 | 2 | 2 | 07 |
| 3 | लेखा सहायक | संविदा भर्ती | 25,000 | 2 | 1 | 1 | 04 |
| 4 | MIS मेनेजर | संविदा भर्ती | 25,000 | 2 | 1 | 1 | 04 |
| 5 | शहरी रोजगार सहायक | संविदा भर्ती | 15,000 | 4 | 2 | 2 | 08 |
| | **कुल योग** | | | **12** | **7** | **7** | **26** |

### 1. पदों का वर्गीकरण–

| पद | रिक्त पद | सामान्य | | | अन्य पिछड़ा वर्ग | | | अनुसूचितजाति | | अनुसुचितजनजाति | | एमबीसी | | ईडब्ल्यूएस | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | सामान्य | महिला | विधवा | सामान्य | महिला | विधवा | सामान्य | महिला | सामान्य | महिला | सामान्य | महिला | सामान्य | महिला |
| वरिष्ठ तकनीकी सहायक | 3 | 03 | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| कनिष्ठ तकनीकी सहायक | 7 | 04 | 01 | - | 01 | - | - | - | 01 | - | - | - | - | - | - |
| लेखा सहायक | 4 | 03 | 01 | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| MIS मेनेजर | 4 | 03 | 01 | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| शहरी रोजगार सहायक | 8 | 05 | 01 | - | 01 | - | - | - | 01 | - | - | - | - | - | - |

2. **आयु** :–न्यूनतम आयु 21 वर्ष अधिकतम आयु 40 वर्ष (दिनांकः 01.06.2022 तक) एवं कार्मिक विभाग के आदेश दिनांक 11.01.2022 के अनुसार वर्ग की पात्रता अनुसार छूट देय होगी।

### 3. शैक्षणिक योग्यता :–

| क. सं. | पद का विवरण | पात्रता/योग्यता (न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता के प्राप्तांकों की मेरिट के आधार पर चयन किया जायेगा) |
|---|---|---|
| 1 | वरिष्ठ तकनीकी सहायक | सिविल अभियांत्रिकी में स्नातकोत्तर/स्नातक डिग्री उत्तीर्ण |
| 2 | कनिष्ठ तकनीकी सहायक | सिविल अभियांत्रिकी में डिग्री/डिप्लोमा उत्तीर्ण |
| 3 | लेखा सहायक | बी.कॉम/सी.ए.इन्टरमिडियेट (आई.पी.सी.)/ICWA(इन्टर/कम्पनी सेक्रेटरी इन्टर उत्तीर्ण) |
| 4 | MIS मेनेजर | BCA उत्तीर्ण |
| 5 | शहरी रोजगार सहायक | स्नातक + RSCIT उत्तीर्ण |

Vinay Bohra

**4. आवेदन हेतु नियत कार्यक्रम–**

(i) आवेदन पत्र परिषद् की उपरोक्त वैबवाईट पर डाउनलोड करके कार्यालय आयुक्त नगरपरिषद जालोर, में व्यक्तिशः अथवा डाक से दिनांक **08.06.2022** से **21.06.2022** तक कार्यालय समय 9.30 ए.एम. से 5.00 पी.एम. तक कार्यालय दिवस में जमा करवायी जा सकती हैं।

(ii)आवेदन पत्र जमा कराने की अन्तिम तिथि दिनांक **21.06.2022** समय 5.00 पी.एम. तक रहेगी।

(iii)उक्त निर्धारित तिथि दिनांक **21.06.2022** के बाद व्यक्तिशः अथवा डाक से प्राप्त कोई आवेदन स्वीकार्य नहीं होगा।

**5. संविदा भर्ती की समय सीमा**–संविदा नियुक्ति प्रथमतः चयनित अभ्यर्थी के कार्यालय में उपस्थिति देने की तिथि से 31 मार्च, 2023 तक अथवा राज्य सरकार के तत्संबंधी दिशा निर्देशों के अनुसार होगी।

**6. अन्य शर्ते एवं नियम :–**

1) राज्य सरकार के द्वारा इन्दिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना के अन्तर्गत समय–समय पर जारी दिशा–निर्देश इस विज्ञप्ति का भाग माने जावेगें।
2) इस योजना का प्रशासनिक विभाग, स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान सरकार है।
3) इस योजनान्तर्गत उक्त संविदा पदों के वर्ग के वर्गीकरण एवं संविदा अनुबंध के सम्बन्ध में कार्मिक विभाग, राजस्थान सरकार के द्वारा समय–समय पर जारी अधिसूचना / आदेश /परिपत्र आदि के द्वारा प्रदत्त विभिन्न दिशा–निर्देशों के तहत् आरक्षण रोस्टर के अनुसार है।
4) संविदा भर्ती वरीयता के आधार पर की जावेगी तथा पदवार सभी पदों के लिए कुल पदों का क्रमशः 20 प्रतिशत पदों की प्रतीक्षा सूची तैयार की जावेगी।
5) आवेदन पत्र ए–4 साईज के कागज पर निर्धारित प्रारूप में जिसमें आवेदक के नाम, पिता का नाम, जन्म तिथि, स्थाई पता, मोबाईल नम्बर, शैक्षणिक/प्रशैक्षणिक योग्ताओं के विवरण के साथ पंजीकृत डाक/स्पीड़ पोस्ट/व्यक्तिशः प्रस्तुत करने होंगें। इस तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। व्यक्तिशः प्रस्तुत आवेदन पत्र कार्यालय समय में एवं कार्य दिवसों को ही स्वीकार्य होंगें।
6) आवेदन पत्र के साथ शैक्षणिक योग्यता संबंधी प्रमाण पत्र/अंकतालिका की स्वयं प्रमाणित प्रतिलिपि प्रस्तुत करनी होगी। आरक्षण हेतु सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने होगें। मूल निवास प्रमाण पत्र/चरित्र प्रमाण पत्र/स्वास्थ्य प्रमाण पत्र के साथ ही विवाह/संतान/नशा/दहेज न लेने एवं न देने के संबंध में नियमानुसार पृथक–पृथक रूप से निर्धारित संलग्न प्रारूप में स्टाम्प पर नोटरी सहित घोषणा पत्र आवेदन के साथ प्रस्तुत करना होगा। साथ ही अन्य दस्तावेज जो भी आवश्यक हो आवेदन के साथ प्रस्तुत कर सकते हैं।
7) संविदा भर्ती पूर्णतया मेरिट पर आधारित रहेगी।
8) संविदा कनिष्ठ तकनीकी सहायक के पद हेतु 80 प्रतिशत पद डिग्रीधारियों से तथा 20 प्रतिशत पद डिप्लोमाधारियों से भरे जायेंगे।
9) शहरी रोजगार सहायक संविदा पद हेतु स्नातक +RSCIT के प्राप्तांकों के आधार पर की जायेगी परन्तु मेरिट लिस्ट का संधारण केवल स्नातक डिग्री के प्राप्तांकों के आधार पर ही किया जायेगा। RSCIT हेतु मेरिट में कोई प्रावधान नहीं रखा जायेगा।
10) उपरोक्त संविदा भर्ती वरीयता के आधार पर की जावेगी तथा पदवार सभी पदो के लिए कुल पदों का क्रमशः 20 प्रतिशत पदों की प्रतीक्षा सूचि तैयार की जायेगी।
11) आवेदन की सभी प्रविष्टियां पूर्ण होनी आवश्यक हैं तथा तदनुसार सभी प्रमाण पत्रों की स्व प्रमाणित फोटो प्रतियां संलग्न होने आवश्यक हैं, अपूर्ण आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।
12) उपरोक्त के साथ–साथ **Rajasthan Contractual Hiring to Civil Post Rules,** 2022 के अन्तर्गत निर्धारित प्रक्रिया अपनाकर इस विज्ञप्ति के माध्यम से इस कार्यालय के द्वारा संविदा पदों को भरने की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी है और तदउपरान्त अग्रिम कार्यवाही नियमानुसार सम्पादित की जावेगी।
13) संविदा से भरे जाने वाले पदों की भर्त्ती जालोर जिले की समस्त 3 नगरीय निकायों के लिए संविदा पदों की पदवार गणना कर जालोर जिला स्तर पर ही की गयी है, जिसमें संविदा भर्त्ती नियम, 2022 के नियम 10 के अनुसार प्रावधित आरक्षण प्रावधानों की पालना की गयी है। पारदर्शिता हेतु चयन उपरान्त इनका आवंटन नगरीय निकाय को जरिए लॉटरी श्रीमान् जिला कलक्टर एवं जिला परियोजना समन्वयक, (इन्दिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना), जालोर द्वारा किया जाएगा। इसमें किसी भी प्रकार के विवेकाधिकार का स्थान नहीं होगा।

Vinay B.B.

14) राजस्थान राज्य के अनु. जाति एवं जन जाति तथा पिछड़ा वर्ग के पुरूष अभ्यर्थी एवं सामान्य महिला को उपरी आयु में 5 वर्ष की छुट होगी इसी तरह उपरोक्तानुसार महिला अभ्यर्थी को 10 वर्ष की छुट रहेगी।

15) .संविदा कार्मिकों की नियुक्ति के लिए अनुबंध संबंधित आवंटित नगरपालिका/परिषद द्वारा सम्पादित किया जावेगा।

16) एक अभ्यर्थी द्वारा केवल एक ही निकाय में संविदा अनुबन्ध किया जावेगा अन्यथा सभी संविदा अनुबन्ध निरस्त कर दिये जावेगे।

17) संविदा नियोजन पूर्णतया अस्थाई/संविदा कार्मिक की सेवाऐं संतोषप्रद नहीं होने पर संविदा से पृथक किया जा सकेगा।

18) अभ्यर्थी राजस्थान में किसी भी योजना से अनियमितता/गबन/पदीय दायित्वों के प्रति लापरवाही के आरोपों दोशी या ब्लेक लिस्टेड, संविदा पृथक किये गये अभ्यर्थी आवेदन के योग्य नहीं माने जावेंगें। चयनित अभ्यर्थी को अनुबंध के साथ इस आशय का शपथ पत्र भी प्रस्तुत करना होगा।

19) किसी भी तरह का विवाद होने पर जिला परियोजना समन्वय समिति, जालोर का निर्णय मान्य होगा।

20) उक्त संविदा अनुबन्ध व शर्ते कार्मिक विभाग की अधिसूचना संख्या F.1(4)DOP/A-2/2014 Jaipur, दिनांक 11.01. 2022 के प्रावधानों के अन्तर्गत अनिवार्यतः/पूर्णरूपेण लागू रहेगी। सुलभ सन्दर्भ हेतु उक्त अधिसूचना प्रति जिला कलेक्टर जालोर की वेबसाईट https://jalore.rajasthan.gov.in एवं नगरपरिषद् जालोर की अधिकृत वैबवाईट https:// urban. rajasthan. gov.in / content/raj/udh/nagar-parishad-jaloreपर उपलब्ध हैं।

**जिला कलेक्टर एवं जिला परियोजना समन्वयक (IRGY URBAN) महोदय, जालोर की आज्ञा से**

**अति0 जिला कलेक्टर,**
**जालोर**
(जिला कलेक्टर, जालोर प्रतिनिधि–अध्यक्ष चयन समिति)

**क्रमांकः** ................./IRGY-Urban/**2022**/ 2714 - 34 **दिनांक** :- 07.06.2022

**प्रतिलिपि निम्नांकित को वास्ते सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु** :-

1. श्रीमान् शासन सचिव महोदय /निदेशक एवं संयुक्त सचिव महोदय, स्वायत्त शासन विभाग, राज., जयपुर।
2. श्रीमान् सम्भागीय आयुक्त महोदय, जोधपुर / उपनिदेशक (क्षेत्रीय) महोदय, स्थानीय निकाय विभाग, जोधपुर।
3. श्रीमान् जिला कलक्टर एवं परियोजना समन्वयक महोदय (इन्दिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना), जालोर।
4. माननीय सभापति महोदय, नगरपरिषद, जालोर।
5. माननीय अध्यक्ष महोदय, नगरपालिका, भीनमाल/सांचोर, जिला जालोर।
6. श्रीमान् अतिरिक्त जिला कलेक्टर महोदय, जालोर –(जिला कलक्टर, जालोर प्रतिनिधि – अध्यक्ष, चयन समिति )।
7. श्रीमान् उपखण्ड अधिकारी/ सचिव, नगर सुधार न्यास / प्रभारी अधिकारी (लेखा शाखा), कलेक्ट्रेट, जालोर।
8. श्रीमान् उप वन संरक्षक एवं सदस्य (इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गांरटी योजना), जालोर।
9. श्रीमान् मुख्य अभियंता (सिविल)/वित्तीय सलाहकर /परियोजना निदेशक/ संयुक्त निदेशक (जन सम्पर्क)/ एनालिस्ट–कम–प्रोग्रामर, निदेशालय स्थानीय निकाय विभाग, राजस्थान, जयपुर।
10. श्रीमान् अतिरिक्त मुख्य अभियंता/अधीक्षण अभियंता, नगर निगम, जोधपुर – उत्तर / दक्षिण ।
11. श्रीमान् अधीक्षण अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं सदस्य (इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गांरटी योजना), जालोर।
12. श्रीमान् कोषाधिकारी, जालोर। /उप विधि परामर्शी, कलेक्ट्रेट, जालोर।
13. अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका, भीनमाल/सांचोर, जिला जालोर।
14. अधिशाषी अभियंता (सिविल), नगर परिषद् एवं सदस्य (इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गांरटी योजना), जालोर।
15. वरिष्ठ लेखाधिकारी, नगर परिषद् एवं सदस्य (इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गांरटी योजना), जालोर।
16. अतिरिक्त निजी सचिव, जिला कलक्टर एवं जिला परियोजना समन्वयक (इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गांरटी योजना), जालोर।
17. निजी सहायक, आयुक्त, नगर परिषद् एवं सदस्य सचिव (इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गांरटी योजना), जालोर।

**आयुक्त, नगरपरिषद् एवं**
**सदस्य सचिव (IRGY URBAN),**
**जालोर**

*प्रारूप*

## आवेदन–पत्र

# इन्दिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना (IRGY Urban)

जिला :– जालोर

| | |
|---|---|
| आवेदक का नाम :– | |
| लिंग (पुरूष / स्त्री) | |
| पिता / पति का नाम :– | |
| आवेदक की जन्म तिथि :– | |
| मूल निवासी :– | |
| पद जिसके लिए आवेदन :– | |
| आवेदक की शैक्षिक योग्यता :– | |
| वर्ग :– | |
| मोबाईल नम्बर :– | |
| ई–मेल आई. डी. :– | |

| शैक्षिक स्तर | वर्ष | बोर्ड / विश्वविद्यालय | प्राप्तांक | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|
| माध्यमिक | | | | | |
| सी. सैकण्डरी | | | | | |
| डिग्री / डिप्लोमा | | | | | |
| अन्य योग्यता | | | | | |

आवेदक के हस्ताक्षर

नाम मय पत्र व्यवहार का पता

## शपथ ग्रहिता

मै शपथ पूर्वक बयान करता / करती हूँ कि उपरोक्त सूचनाऐं सत्य है एवं कोई भी तथ्य छुपाये नहीं गये है।

आवेदक के हस्ताक्षर

(50/–रू नॉन ज्युडिशियल स्टाम्प पर नोटरीसुदा)

**इन्दिरा शहरी रोजगार गारंटी योजना में संविदा आधारित विभिन्न पदों पर नियुक्ति हेतु दहेज सम्बन्धी शपथ पत्र का प्रारूप विवाहित पुरूष/महिला अभ्यर्थी हेतु**

## शपथ पत्र

मैं.................................................................................पुत्र/पुत्री श्री...............................

उम्र........................जाति......................................निवासी............................................................

तहसील......................................जिला...................................राज्य............................................

शपथ पूर्वक बयान करता/करती हूं कि :–

1–यह है कि मेरे द्वारा विवाह के समय किसी भी प्रकार से दहेज का लेन–देन नहीं किया गया हैं और नहीं भविष्य में करूंगा।

उपरोक्त जानकारी मेरे निजी ज्ञान के अनुसार सही है। ईश्वर मेरी मदद करे।

हस्ताक्षर

शपथ ग्रहिता

(50/—रू नॉन ज्युडिशियल स्टाम्प पर नोटरीसुदा)

## इन्दिरा शहरी रोजगार गारंटी योजना में संविदा आधारित विभिन्न पदों पर नियुक्ति हेतु धुम्रपान नहीं करने सम्बन्धी वचनबद्ध प्रारूप

### —:: वचन बन्ध ::—

मैं.............................................................................पुत्र/पुत्री श्री................................
उम्र.........................जाति.......................................निवासी...........................................................
तहसील.......................................जिला....................................राज्य.............................................
वचनबद्ध हूं कि मैं धुमपान नहीं करने के सम्बन्ध में COTPA ACT-2003 की पालना करूंगा/करूंगी।

हस्ताक्षर

वचनबद्धकर्ता

नाम :—................................................

(50/–रू नॉन ज्युडिशियल स्टाम्प पर नोटरीसुदा)

**इन्दिरा शहरी रोजगार गारंटी योजना में संविदा आधारित विभिन्न पदों पर नियुक्ति हेतु संतान संबंधी घोषणा पत्र**

## :: घोषणा पत्र ::

मैं.............................................................................पुत्र/पुत्री श्री..............................

उम्र.......................जाति....................................निवासी...........................................................

तहसील.....................................जिला..................................राज्य...........................................

एतद्द्वारा घोषणा करता/करती हूं कि :–

1. दिनांकः 31.05.2002 तक मेरे बच्चों (पुत्र/पुत्री) की संख्या......................थी।

| क्र.सं. | नाम | पुत्र/पुत्री | जन्म तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | | | |
| 2 | | | |
| 3 | | | |
| 4 | | | |

2. दिनांकः 01.06.2002 को एवं इसके पश्चात् मेरे बच्चों की संख्या में वृद्वि नहीं हुई है।

अथवा

दिनांकः 01.06.2002 को एवं इसके पश्चात मेरे बच्चों की संख्या में वृद्वि हुई हैं एवं वर्तमान में बच्चों (पुत्र/पुत्री) की कुल संख्या....................है।

| क्र.सं. | नाम | पुत्र/पुत्री | जन्म तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | | | |
| 2 | | | |
| 3 | | | |
| 4 | | | |

घोषणाकर्ता

## :: तस्दीक ::

मैं घोषणाकर्ता करता हूं कि उपरोक्त विवरण मेरी अधिकतम जानकारी व विश्वास के अनुसार सही है।

तस्दीककर्ता